**खबर संक्षेप**

### दारू-मुर्गे के लिये पैसे न देने पर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**शहडोल।** बुढ़ार थाना में 14 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई कि टिकुरी टोला ग्राम सेमरा अंतर्गत गांव में रहने वाले गयादीन बैगा उसकी पत्नी चंदा बैगा से दारू-मुर्गा के लिए पैसे मांग रहा था एवं पैसा नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर रहा था, इसके बाद अचानक उसने फावड़ा उठाकर लाया और पत्नी को मारने लगा जिससे उसके शरीर से काफी खून बहने लगा, जिसके बाद एम्बूलेंस से अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। थाना बुढ़ार में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आरोपी गयादीन बैगा निवासी ग्राम सेमरा टिकुरी टोला बुढ़ार के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए टीम भेजकर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त फावड़ा भी जप्त किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा जे.आर. पर जेल भेज दिया गया है।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** सीधी थाना क्षेत्रांतर्गत 14 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम मीठी में दबिश देकर आरोपी रामप्रसाद पिता गणेश जैसवाल निवासी मीठी के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 500 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अखण्ड पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### युवक पर चाकू से हमला

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलौटी निवासी रामखेलावन बैगा उम्र 28 वर्ष ने अपने चाचा के लडक़े बबलू बैगा के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे क्रिकेट मैच देखने गांव में ही गया था, करीबन 4 बजे मेरा छोटा भाई नर्मदा बैगा क्रिकेट देखने आया था, उसी समय उमरखोही का अंजनी लोनी पिता तुलसी दास लोनी अपने मोटरसायकल से आया तथा दादूलाल बैगा को गाली देने लगा, तब नर्मदा बैगा बोला कि गाली क्यों दे रहे हो, इसके बाद अंजनी से मुझे रामखेलवान को जाति सूचक गाली भी दी, इसके बाद जेब से चाकू निकालकर दाहिने तरफ पेट में मार दिया। खून बहने लगा हल्ला-गोहार किया तो, बबलू बैगा रामरहीस गुप्ता, रामजियावन गुप्ता बीच-बचाव किए तब अंजनी लोनी यह कहते हुए मोटर सायकल छोड़कर भाग गया कि आज तो बच गया, दोबारा मिलेगा तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला कायम किया है।

### तेज रफ्तार बस पलटी, हादसे में दर्जन भर यात्री घायल



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से ब्यौहारी जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में एक दर्जन यात्री घायल हो गए। वहीं 5 लोगों को गंभीर चोट आई है। जिसके बाद सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला ब्यौहारी थाना के टिहकी गांव का है। सोमवार को एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई, बस में 35 लोग सवार थे। हादसे के दौरान मौके पर स्थानीय लोग मौजूद थे, जिन्होंने सभी को बस से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्यौहारी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

#### नये बस स्टैण्ड के साथ फोरलेन सड़कें और सुसज्जित मण्डी के साथ मिलेगा नॉन स्टॉप पानी

# घनश्याम ने मोहन से कराया शहडोल के विकास का वादा



-शहडोल के प्रथम नागरिक ने प्रदेश के नये मुखिया से मुलाकात कर शहडोल के कायाकल्प का वादा लिया, संभागीय मुख्यालय के विकास को असली जामा पहनाने के लिए बहुप्रतिक्षित सब्जी मण्डी, सर्व सुविधायुक्त बस स्टैण्ड और शहर के चौतरफा फोरलेन सडकों का जाल बिछाने के लिए अब तक किये गये प्रयासों के पत्र सौंपे। मुख्यालय के बाशिंदों को नॉन स्टॉप शुद्ध पानी के लिए नवलपुर-सरफा में बैराज निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का भी सुझाव रखा।

### नये शहडोल के लिए मुख्यमंत्री को सौंपे 50 करोड़ के मास्टर प्लान

**शहडोल।** घनश्याम-मोहन की मुलाकात और चंद मिनटों में हुई शहडोल के कायाकल्प और संभागीय मुख्यालय के वाशिंदों को महानगरीय सुविधाएं दिलाने के लिए घनश्याम ने मोहन को पत्र सौंपकर मुख्यालय के विकास की चाभी उनके हाथों में दे दी। बीते दिवस मध्यप्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शहडोल आगमन हुआ, हालाकि बीती सरकारों में भी शहडोल को पहले संभाग और फिर मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं इंजीनियरिंग कॉलेज जैसी सुविधाएं दी गई, लेकिन शहर के सौदर्यीकरण और आंतरिक विकास के साथ ही लगातार बढ़ रही आबादी और जनसंख्या के घनत्व के मद्देनजर महानगरों की तर्ज पर फोरलेन सडक़ों का निर्माण, प्रशासन के लिए सिरदर्द बन चुकी भारी भीड़ वाली सब्जी मण्डी का स्थान परिवर्तन और पेयजल के लिए नॉनस्टाप शुद्ध पानी की व्यवस्था जैसी कई मांगे दशकों से अटकी हुई थी। सूबे में नये मुखिया के कमान सम्हालने और उनके प्रथम आगमन पर जाहिर है, शहडोल की लंबित मांगे अपने-आप सामने आ जाती है। नगर पालिका शहडोल के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर अब तक इन विकास कार्यो के लिए किये गये प्रयासों से अवगत कराया और मांगे पूरी कराने का वादा भी लिया।

#### सर्वसुविधा युक्त होगी नई सब्जी मण्डी

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने बताया कि शहर के ह्दय स्थल में कई दशकों से सब्जी मण्डी संचालित है, यहां जगह कम होने के कारण पहले तो, किसी कदर काम चल जाता था, लेकिन संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां आस-पास के ग्रामों और संभाग के अन्य शहरों से भी नागरिक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंचते हैं, शहडोल की जनसंख्या भी बीते दशकों में कई गुना बढ़ी है। हमारी माताएं-बहने भारी भीड़ और धक्का-मुक्की के कारण यहां सब्जी और अन्य सामग्री क्रय करने के लिए आने में हिचकती हैं। परिषद ने गांधी चौक के समीप स्थित सब्जी मण्डी को बलपुरवा बस स्टैण्ड में ले जाने का रोड मैप तैयार किया है, जिससे खुले वातावरण में फुटकर सब्जी विक्रेताओं के साथ ही थोक सब्जी विक्रेताओं को भी पर्याप्त जगह मिलेगी। वाहनों की पार्किंग और पर्याप्त जगह होने के कारण दुकानदारों को भी बलपुरवा में अच्छा माहौल मिल सके, ऐसा हमारा प्रयास है।

#### कोटमा बाईपास के समीप बनेगा बस स्टैण्ड

दो से ढ़ाई दशक पहले जब बलपुरवा में राजीव गांधी बस अड्डे का निर्माण हुआ था, तब शहडोल जिला था, आबादी भी वर्तमान के लिहाजा से काफी कम थी, आज शहडोल में तरक्की के नये शोपान तय किये हैं, नपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल आगे कहते हैं कि आज शहडोल से प्रदेश के अन्य जिलों में ही नहीं बल्कि देश के कई प्रांतों में बसों की सीधी सेवा है, शहडोल के बस संचालक इस कार्य के लिए साधूवाद के पात्र हैं। जिस लिहाज से आबादी बढ़ी है और मध्यप्रदेश के लगभग जिलों के अलावा इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, पूना, हैदराबाद, रायपुर, बिलासपुर, नागपुर सहित अन्य कई प्रांतों के महनगरों से सीधी बस सेवा तो हैं, लेकिन आज जरूरत हैं, घरेलू और अंतर्राज्जीय सेवाओं को अलग-अलग स्थान देने की। कोटमा बाईपास तिराहे के समीप पर्याप्त जगह पर एक ही स्थान पर नये बस स्टैण्ड में इसके साथ ही अन्य महानगरीय स्तर की सुविधाएं भी हम नागरिकों को देने का प्रयास करेंगे।

#### रिंगरोड की तर्ज पर बनेगी फोरलेन सडक़े

किसी भी शहर और प्रदेश का विकास तभी संभव हो पाता है, जब वहां लोगों को आने-जाने की सुविधाएं आसानी से प्राप्त हों, शहडोल से होकर दो-दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, लेकिन जब यह राजमार्ग शहडोल पहुंचते हैं तो, शहर के अंदर से घुसने की बाध्यता हो जाती है, हाईवे से शहर को जोडने वाली सडक़े भी दुर्दशा का शिकार हैं, मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंपे गये पत्रों में श्री जायसवाल ने उल्लेख किया कि पाली रोड नये बाईपास (दूध डेयरी) से जयस्तंभ चौक एवं बाणगंगा बाईपास तिराहा से न्यू बस स्टैण्ड तथा लल्लू सिंह चौक से महाराणा प्रताप सिंह चौक तक शहर का मुख्य एवं व्यस्ततम मार्ग है, जो कि पुराना नेशनल हाईवे-79 था, मेरे द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र शासन से पत्राचार कर उक्त रोड को 4 लेन रोड निर्माण कराने का प्रस्ताव दिया गया था, शासन से वन टाइम इम्प्रूवमेंट पॉलिसी योजना के तहत 4 लेन की स्वीकृति प्रदान की गई थी, एमपीआरडीसी के अधिकारियों से चर्चा करने पर जानकारी मिली है कि उक्त रोड नगर पालिका परिषद शहडोल को निर्माण के लिए हस्तांतरण कर दी गई है।

#### मानक के अनुरूप सुविधाओं की कमी

मुख्यमंत्री को सौंपे गये पत्र में नपाध्यक्ष ने उल्लेख किया कि वर्तमान में शहडोल में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय की स्थापन शासन स्तर से की गई है, संभागीय मुख्यालय होने के कारण शहर की जनसंख्या भी बढ़ रही है, किन्तु संभागीय मुख्यालय के मानक अनुसार शहर में सुविधाओं की कमी है, वर्तमान में नगर में पानी सप्लाई सरफा से की जाती है, जिसमें कोल माईंस का पानी आता है, भविष्य में कोल माईंस बंद होने पर नगर में जल संकट उत्पन्न होगा, जिसको दृष्टिगत रखने हुए सोन नदी में बैराज निर्माण की स्वीकृति के लिए कलेक्टर के माध्यम से 5 अक्टूबर 2023 को खनिज प्रतिष्ठान मद एवं यूआईडीएफ से प्रेषित किया गया है, लेकिन आज तक स्वीकृति अप्राप्त है। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से कहा कि शहर को प्रगति पर अग्रसर करने एवं भविष्य में नगर में आमजनमानस की जलप्रदाय सुविधाओं को देखते हुए अतिआवश्यक है। उक्त मांगों पर जल्द विचार कर स्वीकृति प्रदान की जाये।

---

## घर में घुस रहे जंगली जानवर, लोगों में दशहत



**उमरिया।** पनपथा बफर के ग्राम बड़ी बेल्दी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात स्थानीय गीदही यादव के घर में मादा तेंदुआ घुस गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर बाहर से ताला लगा दिया और वन अधिकारियों को जानकारी दी। वहीं बीटीआर अंतर्गत पनपथा बफर के ग्राम बकेली में देर रात बाघिन ने बरामदे में सो रहे रामदयाल कुशवाहा उम्र 45 वर्ष पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद पार्क टीम ने देर रात ही घायल को जिला अस्पताल पहुंचा दिया, जहां घायल इलाजरत है।

बताया जाता है कि देर रात पनपथा बफर,ताला रेंज एवं पतौर रेंज अधिकारी और पार्क टीम मौके पर पहुंच गई। पार्क अधिकारियों की मौजूदगी में रात करीब 2 से 2.30 बजे ताला खोलकर किसी तरह मादा तेंदुए को पार्क टीम ने जंगल मे हांक दिया। इस बीच ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। उनका कहना था कि रेस्क्यू कर मादा तेंदुए को कही और शिफ्ट किया जाए।

हाल के दिनों में स्थानीय सुदामा पटेल के घर के करीब तेंदुए की लोकेशन थी। तेंदुए के इसी शावक ने कुत्ते के एक बच्चे को मारकर पेड़ पर चढक़र निवाला बनाया था। कुल मिलाकर करीब दो हफ्तों से तेंदुए की लोकेशन गांव के इर्द-गिर्द बनी हुई है। जिस वजह से ग्रामीण दहशत में है और तेंदुए के रेस्क्यू करने की बात कह रहे है। पनपथा बफर के ग्राम बकेली में रामदयाल कुशवाहा पर बाघिन का हमला और फिर करीब उसी समय बकेली से 14 किमी दूर इसी परिक्षेत्र के ग्राम बड़ी बेल्दी में तेंदुए की लोकेशन से लोग दहशत में है। इन क्षेत्रों में वन्य प्राणियों की लोकेशन इस वजह से भी अधिक रहती है, क्योंकि पनपथा बफर के बिरहुलिया और करौंदिया बीट के बीच बकेली, उमरिया, करौंदिया, हरदुआ और सुखदास गांव मौजूद है, इसके अलावा इन्ही गांव से सटा पिटोर बीट है, जिसमें पिटोर, बेल्दी, चिल्हारी, पड़वार आदि गांव है। शायद इन्ही कारणों से इन तीनों बीट में विचरण कर रहे वन्य प्राणियों की बीट से सटे गांवों में दस्तक होती रहती है और मानवीय जीवन प्रभावित होता रहता है, ज़रूरी है कि पार्क क्षेत्र से सटे रहवासी क्षेत्र के ग्रामीण वन्य प्राणी की मूवमेंट से सजग रहे और खुद को सुरक्षित रखे।

बीटीआर अंतर्गत पनपथा बफर के ग्राम बकेली निवासी रामदयाल कुशवाहा ने बताया कि घायल रामदयाल के घर कुछ मवेशी सार में बंधे थे। इसी बीच देर रात मवेशी का शिकार करने बाघिन सार के अंदर घुसने का प्रयास कर रही थी। तभी मवेशी बहुत ज्यादा आवाज़ करने लगे। इसी दौरान रामदयाल की नींद टूट गई और जैसे ही बिस्तर से उठा, वैसे ही टाइगर पंजा मारते हुए जंगल की ओर भाग गया। इस घटना में घायल का चेहरा गम्भीर रूप से चोटिल हुआ है। घटना के बाद पार्क टीम एक्शन मोड़ पर है, सोमवार की सुबह से ही गांव में हाथी पहुंचे है और टाइगर की मूवमेंट देख रहे है।

## पुलिस ने की अवैध कोयला चोरों पर कार्यवाही

#### बुढ़ार पुलिस ने 6 क्विंटल, अमलाई में 61 क्विंटल कोयला जप्त



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर कोयला चोरी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में बुढ़ार पुलिस के द्वारा कोयला चोरी से जुड़े 03 आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

14 जनवरी को थाना बुढ़ार में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बंधा टोला छांटा से कुछ लोग अवैध रूप से खदान बनाकर कोयला उत्खनन का कार्य कर रहे हैं। सूचना पर बुढ़ार पुलिस की एक टीम ने तत्काल उक्त स्थान पर दबिश दी जहां देखने पर नाला किनारे अवैध रूप से खदान बनी हुई थी। पुलिस द्वारा उसी समय कोयला लेकर निकल रहे व्यक्ति कमलेश चौधरी निवासी नवाटोला छांटा को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उक्त कोयला वह चोरी करके राकेश चौधरी एवं कैलाश चौधरी निवासी ग्राम छांटा के लिए निकालता है। पुलिस द्वारा उक्त दोनों आरोपीगणों को भी पकड़ते हुए उनके कब्जे से 06 क्विंटल कोयला कीमती लगभग 3000 रूपये का जप्त कर तीनों आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 379, 411, 109 भादवि व खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार थाना अमलाई में सूचना प्राप्त हुई कि पेपर मिल अमलाई से कोतमा रोड पर कोयले का अवैध परिवहन किया जा रहा है। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी विक्रम अगरिया निवासी खैरहनी थाना जैतपुर को पकड़ा गया जिसके पास से दो बोरियों में लगभग 01 क्विंटल कोयला जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 379, 414 भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार अमलाई पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम रामपुर के आम बगीचा में रेड कार्यवाही की गई जहां से करीब 60 क्विंटल अवैध कोयला जप्त किया गया।



### मकर संक्रांति में टीवीएस वाहन में नगद छूट के साथ उपहार



**शहडोल।** टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय मेन डीलर मनोज टीवीएस शोरूम ने मकर संक्रांति पर ग्राहकों के लिए डबल फायदा लेकर आया है, जो मकर संक्रांति त्योहार को और खुशगवार बनाएगा। मकर संक्रांति में 14 जनवरी से 21 जनवरी तक टीवीएस मोटर कंपनी की किसी वाहन के खरीद पर 2000 रूपए के नगद छूट के साथ एक गिफ्ट हैम्पर उपहार में प्रदान किया जा रहा है। मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनोज टीवीएस शोरूम में मकर संक्रांति से 21 जनवरी तक टीवीएस मोटर कंपनी के किसी भी दो पहिया वाहन के खरीदने पर 2000 रूपए का नगद छूट के साथ गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया जा रहा। मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता व योगेश गुप्ता ने बताया कि मकर संक्रांति में मनोज टीवीएस शोरूम ग्राहकों को न सिर्फ आकर्षक योजनाओं से लाभाविन्त कराया जाता है, बल्कि कम ब्याज पर फायनेंस की सुविधा भी दी जा रही है। मनोज टीवीएस शोरूम में ग्राहको को बिक्री पश्चात भी उच्च मापदण्ड की सेवा दी जाती है तथा सेवा संकल्प के साथ कार्य किया जाता हैं। मनोज गुप्ता ने बताया कि टीवीएस शोरूम में कंपनी के त्वरित उत्पाद सभी कलर्स व माडल की उपलब्धता बनी रहती है। इसी कारण मनोज टीवीएस शोरूम में दोपहिया वाहन खरीदने के लिए ग्राहकों में हर समय उत्साह बना रहता है। उन्होंने मकर संक्रांति वाहन के खरीद पर नगद छूट के साथ आकर्षक उपहार पाने का लाभ उठाने का आह्वान किया हैं।

### कट्टा सहित दो आरोपी पकड़ाये



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस ने देशी कट्टा धरे दो आरोपियों को दबोचा है। इनमें एक आरोपी नाबालिग वहीं दूसरा आरोपी चंदिया के पठानी मोहल्ला निवासी अहमद पिता महमूद खान बताया जा रहा है। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को मकर संक्रांति पर सगरा मंदिर के करीब आयोजित मेले से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस को इसकी जानकारी मुखबिर द्वारा मिली थी, जिसके बाद ही पुलिस एक्शन में आई और आरोपियों को मौके से दबोचा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है और सोमवार को सम्मानीय न्यायालय में पेश किया।

## 2 नाबालिग बालक-बालिकाओं को पुलिस ने किया दस्तयाब

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर जिला शहडोल में 15 जनवरी से 28 फरवरी तक गुम, अपहत नाबालिग बालक/ बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान मुस्कान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान घर से दूर हुए नाबालिग बालक-बालिकाओं को पुलिस विशेष प्रयास कर राज्य के अंदर एवं बाहर से ढूंढकर लाएगी। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अभियान के दौरान अधिकाधिक बच्चों की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में थाना अमलाई में नाबालिग बालिका के परिजनों के द्वारा थाने में आकर सूचना दी गई कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका बिना बताये कहीं चली गयी हैं। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध किया गया था एवं इसी प्रकार एक 17 वर्षीय बालक की गुमशुदगी पर थाना अमलाई में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। थाना अमलाई द्वारा विशेष प्रयास करते हुए बालिका को बाणगंगा के पास शहडोल से दस्तयाब कर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार गुमशुदा बालक का रेल्वे स्टेशन से सुरक्षित रूप से दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जे.पी. शर्मा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह, सुरेश सिंह एवं प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र घोष की सराहनीय भूमिका रही।

### श्रीराम-हनुमान मंदिर में श्रमदान कर की साफ-सफाई

**शहडोल।** भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन-पुनीत अवसर के निमित्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक देशभर के मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हम सभी ने हनुमान मंदिर, राम मंदिर परिसर घरौला में स्वच्छता अभियान चला कर श्रमदान किया। इस अवसर जिला महामंत्री संतोष कुमार लोहानी, पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह, वार्ड भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पार्षद सिल्लू रजक, पार्षद अनमोल सोनी, समाजसेवी विकास जोतवानी आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आप सभी भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए धर्म स्थलों की साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागिता करें।



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन के कलेक्टर ने दिये निर्देश

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से शिविरो में भाग ले, वे अपने विभाग की योजनाओ की जानकारी आमजन को दें। पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करें तथा उनका निराकरण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख दैनिक रूप से प्रगति की जानकारी पोर्टल में फीड करायें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, टीव्ही मरीजो की स्क्रीनिंग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना मे प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनवाही सेक्टर में कलश यात्रा निकाली गई



**उमरिया।** जन अभियान परिषद विकास खंड करकेली व्दारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनवाही सेक्टर क्रमांक-3 उमरिया के द्वारा अपने सेक्टर के ग्राम भरौला में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें यात्रा ग्राम के विरासनी प्रांगण प्रारंभ हुई और बिरासनी चौक से होते हुए आनंद मोहल्ला, शांति मोहल्ला, शेर चौक से होते हुए ग्राम के समस्त मोहल्ले में घूमते हुए समापन बिरासनी मंदिर में किया गया। यात्रा में हरमोनियम, ढोलक के साथ ध्वज लेकर श्रीराम जय राम, जय जय राम का उच्चारण करते हुए संगीतमय वातावरण बनाया गया, साथ ही प्रत्येक घर में अक्षत और पत्रक का वितरण भी किया गया। यात्रा में सरपंच रानी प्रजापति, सचिव संतोष राय और अमृतलाल रैदास ग्राम के पंच और नवांकुर संस्था धनवाही के अध्यक्ष गणेश तिवारी, सचिव अनुराग तिवारी और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भरौला के सचिव प्रकाश चंद असाटी और समस्त सदस्यों सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम सिगुडी में विधायक मानपुर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**उमरिया।** विधायक सुश्री मीना सिंह ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम सिगुडी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने प्रदेश शासन व्दारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की।

### अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के प्रचार प्रसार में नवांकुर संस्था की सहभागिता



**जमुना/बदरा।** 13 जनवरी को ग्राम पंचायत पयारी नंबर 2 में माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के सहयोग से प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे राम मंदिर के उद्घाटन के प्रचार प्रसार हेतु प्रभात फेरी के माध्यम से जनजागरुकता का कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विजय जायसवाल परामर्शदाता शिवानी सिंह एमएसडब्ल्यू छात्र दशरथ सिंह, सेमवती सिंह बीएसडब्ल्यू छात्र प्रांशु मिश्रा, स्वाति गुप्ता गांव के सरपंच और छात्रों का सहयोग रहा।

---

गांव में सरकार की संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं। भ्रष्टाचार का पुलिंदा ऑन लाईन प्रशासन के सामने हैं, लेकिन कार्यवाही नही हो पा रही है। सरपंच-सचिव योजनाओं के लिए शासकीय राशि से खुद के कर्ज निपटाने में लगे हुए हैं।

#### बंद फर्म को उरदानी पंचायत ने कर दिया भुगतान

# अधिकारियों को नहीं दिखता ऑन लाईन हुआ भ्रष्टाचार




## ...तो कमीशन लेने के बाद चुप्पी साधे बैठे हैं अधिकारी

**उमरिया।** जिले की करकेली जनपद की ग्राम पंचायत उरदानी में सरपंच-सचिव की मिली भगत से बीते माहों में रवि ट्रेडर्स के बिल लगाये गये है, उक्त फर्म धरातल के साथ ही वाणिज्य कर विभाग के दस्तावेजों में पहले ही बंद हो चुकी है, संभवतः फर्म संचालक रवि कुमार मिश्रा जिले से बाहर किसी शासकीय या निजी संस्थान में कार्य भी कार्य रहे हैं, लेकिन असलम नाम व्यक्ति द्वारा पंचायतों रवि कुमार के बिल लगाये जा रहे हैं, उक्त फर्म को उरदानी पंचायत द्वारा भी भुगतान किया गया है, जबकि उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन वाणिज्य कर विभाग द्वारा 8 मार्च 2021 को कैंसल कर दिया गया था। अगर उक्त फर्म के बिलों सहित पंचायत में बीते वर्षों में लगे बिलों की जांच की जाये तो, भ्रष्टाचार का पुलिंदा बाहर आयेगा।



### घोटाले की बनी परम्परा

करकेली जनपद की शायद ही कोई पंचायत ऐसी हो जिसमें खुले तौर पर वित्तीय अनियमितता और घोटालों की शिकायत न हुई हो, लेकिन जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली और जांच प्रक्रिया से अब तक किसी को प्रभावित होते नहीं देखा गया। जांच के बाद भी प्रमाणित शिकायतों पर भी कोई कार्यवाही होती नहीं दिखाई देती, जिससे लगता तो यही है कि भ्रष्ट सरपंच और सचिवों को यहां से खुला संरक्षण मिल रहा है, जिसके चलते खुला भ्रष्टाचार जनपद की पंचायतों में व्याप्त है और प्रति वर्ष लाखों रुपए की शासकीय राशि का पंचायतों के द्वारा खुला दुरुपयोग हो रहा है और उस पर नियंत्रण करने में जनपद के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली अब तक अक्षम नजर आ रही है, जिसके चलते पूरे पंचायत में गड़बड़ी और घोटाले करना परम्परा सी बन चुकी है।




### कमीशन के चलते ध्यान नहीं

जनपद के अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत में गुणवत्ताहीन काम सरपंच-सचिव और रोजगार सहायकों की मिलीभगत से किए जाकर शासन की मंशा की खिल्ली उड़ाई गई हैं। जनपद पंचायत करकेली में अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार जमकर फल-फूल रहा है। क्षेत्रीय लोगों की माने तो विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति से ग्राम पंचायतों में योजनाओं सहित अन्य कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। आलम ये है कि कमीशन के खेल के चलते शिकायतों पर अधिकारी ध्यान नहीं देते। इतना ही नहीं अधिकारी केवल कागजों में भ्रमण दिखा वातानुकूलित कक्षों में ही घुसे रहते है। इनके चंगु-मंगू व पंचायतों के इंजीनियरों ग्राम पंचायतों से खुद और इनके नाम से कमीशन वसूला जाता है। जिले की अन्य जनपदों में ज्यादातर काम गुपचुप तरीके से महज कागजों में होने के प्रमाण पूर्व में सामने आ चुके हैं।

### शिकायत के बाद ही क्यों जागता है प्रशासन

वैसे सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की ये खबर नई नहीं है, शायद ही कोई सरकारी योजना हो जिसमें दलालों और अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार न हुआ हो, लेकिन उरदानी पंचायत में दलालों और भ्रष्टाचारियों ने खुलेआम लूट मचाई है, निर्माण कार्य के नाम पर लगने वाले बिलों में फर्जी फर्मों को खुलेआम लूट की छूट दे रखी है, इसके अलावा योजनाओं में भ्रष्टाचारियों ने इतनी लूटपाट मचाई कि शासन की योजनाएं औंधे मुंह पंचायत में गिर चुकी है, आने वाले दिनों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिले में बैठे अधिकारी पुरूस्कृत होंगे, अगर निर्माण स्थल और निर्माण की गुणवत्ता के साथ ही बिलों का सत्यापन स्वतंत्र एजेंसी से कराया जाये, तो भ्रष्टाचार के पुलिंदों के ऊपर बैठकर पुरूस्कृत होने का दंभ भरने वालों के चेहरे से नकाब उतरकर सामने आ सकता है।

---

## सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों व्दारा किये जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा मे पूरे किये जाये, जो कार्य अभी तक प्रारंभ नही हुये है उन्हे शीघ्र प्रारंभ किया जाये जो निर्माण कार्य पूरे हो गये है उन्हें संबंधित विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाये। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखो को निर्देश दिये कि प्राथमिकता के आधार पर शिकायतो का निराकरण संतुष्टि पूर्वक किया जाये। जिले में आयोजित होने वाले शिविरो में भी संबंधित क्षेत्र की शिकायतो का निराकरण आसानी से किया जा सकता है। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, वनमण्डलाधिकारी बीटीआर विवेक सिंह, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मिनाक्षी इंगले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

## विभिन्न विभागों व्दारा स्टाल लगाकर हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**उमरिया।** प्रधानमंत्री जन मन योजना के शुभारंभ के अवसर पर जिला मुख्यालय में सामुदायिक भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक शिवनारायण सिंह, कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, वनमण्डलाधिकारी मोहित सूद, नोडल अधिकारी प्रभात चौहान, दिलीप पाण्डेय, धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, पार्षदगण, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह एवं आयुष विभाग व्दारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया तथा 37 हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। कार्यक्रम स्थल में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, एमपीएग्रो, एनआरएलएम, नगरीय कल्याण विभाग, जनजातिय कार्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन विभाग व्दारा स्टाल लगाये गये थे।

## प्रधानमंत्री ने जन जातीय न्याय महा अभियान का किया शुभारंभ

### जिला मुख्यालय में विधायक ने हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन जाति न्याय महा अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीमय स्तर पर किया, जिसका सीधा प्रसारण उमरिया जिले में भी देखा एवं सुना गया। जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख विश्व स्तर पर बढ़ी है, देश तेजी से आगे बढ रहा है। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में मध्य प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्ग के लोगो को जोड़कर उनके विकास की योजनाएं बनाकर लाभान्वित करने का कार्य शुरू किया है। समाज के सबसे पिछडे एवं गरीब बैगा जनजाति के लोगो को विकास की मुख्य धारा से जोडने हेतु प्रधानमंत्री व्दारा, प्रधानमंत्री जनजातिय महा न्याय अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान से जिले के बैगा जनजाति के लोगों को बेसिक सुविधायें मुहैया कराई जा रही है। अभी तक जिले के 12853 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये गये है। जिले में 19 आंगनबाड़ी, 15 बहुउद्देशीय भवन, 102 ग्रामो मे पेयजल से व्यवस्था, 11 छात्रावास एवं आश्रम तथा बैगा बाहुल्य बस्तियों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ने के साथ ही 102 बैगा बस्तियो में नल से जल पहुंचाने का कार्य प्रारंभ किया गया है।



### घर-घर होगा सर्वे

रकलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में जिले के 1 लाख 22 हजार बैगा आबादी को लाभान्वित करने का काम शुरू किया गया है। जिसके तहत घर-घर सर्वे कर सरकार व्दारा निर्धारित 30 पैरामीटर में सर्वेक्षण का कार्य किया गया है। बैगा बस्तियों में हर बैगा परिवार को पक्का घर, नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, हर घर को बिजली, शिक्षा के लिये छात्रावास एवं आश्रमो का निर्माण, कौशल विकास, चिकित्सा के लिये मोबाईल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण कार्यक्रम के तहत निःशुल्क आनाज, उन्नति आजिविका, दुरूस्त ग्रामो तक मोबाईल नेटवर्किंग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अनुदान आहार योजना का लाभ, वनधन केन्द्र की स्थापना जैसे कार्य किये जायेंगे। 31 जनवरी तक इन योजनाओ का क्रियान्वयन प्रारंभ हो जायेगा।

### घरों में जलाये दीप

दिलीप पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक समरसता के साथ सबको साथ लेकर सबके विकास के लिये कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को आयोध्या में हम सबके आदर्श भगवान राम के मूर्ति की स्थापना की जा रही है, सभी लोग अपने क्षेत्र के मंदिरो में साफ -सफाई का अभियान चलाये तथा अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली जैसा माहौल बनायें। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा व्दारा किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, वनमण्डलाधिकारी मोहित सूद, नोडल अधिकारी प्रभात चौहान, दिलीप पाण्डेय, धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, पार्षदगण, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागो के जिला प्रमुख अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व्दारा कन्या पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## ग्लोबल वार्मिंग के कारण मानव जीवन पर पड़ रहा दुष्परिणाम : कलेक्टर



**उमरिया।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन पर दुष्परिणाम किसी से छिपा नही है, कहीं अधिक वर्षा तो कहीं अधिक ठण्ड, तापमान का अचानक बढ़ना मानव जीवन को प्रभावित कर रहा है। इन दुष्परिणामो से बचने के लिये सामूहिक प्रयास की जरूरत है, हमें पर्यावरण को बचाने के लिये अपने संसाधनो में कमी करनी होगी। पालीथिन के उपयोग, अपशिष्टो के प्रबंधन के लिये मिलजुल कर काम करना होगा। यह विचार कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने स्वास्थ्य विभाग व्दारा कलेक्टर सभागार में आयोजित राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि बांधवगढ टाईगर रिजर्व पार्क के मुख्यालय ताला में संचालित रिसोर्ट के कचरा प्रबंधन हेतु सामेकित कार्य योजना बनाई जा रही है। जिसमें 100 वर्ष तक के लिये ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन की व्यवस्था की जायेगी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, वनमण्डालाधिकारी बीटीआर विवेक सिंह, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टीं कलेक्टर मिनाक्षी इंगले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, नोडल अधिकारी अनिल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## अटल चौपाटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का लिया गया संकल्प

**कोतमा।** रविवार को नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक अटल चौपाटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र देश में उल्लेखनीय विकास हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल का प्रदाय किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नगरपालिका कोतमा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, नपाध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती उमा सोनी, मोहनी वर्मा, बृजेश गौतम, हनुमान गर्ग, राजू यादव, इकबाल हुसैन, विजय पाण्डेय, पार्षदगण तथा नगरपालिका कोतमा के जनप्रतिनिधिगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में पात्र गरीब परिवारों को ढाई लाख तक के मकान का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सब हाथों को काम हो, हर खेत को पानी हो और सस्ता और सुलभ न्याय हो। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के माध्यम से मिलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने सभी से शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार लाभ उठाने की अपील की। विभिन्न विभागों ने लगाई विभागीय प्रदर्शनी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग, बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराई गई।



### आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का लिया गया संकल्प

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के संबंध में विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों ने जानकारी की साझाकेन्द्र सरकार की प्रवर्तित योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्राप्त लाभ तथा विकास से संबंधित जानकारी साझा की गई।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट मे बढ़ रहा रोमांच

**कोतमा।** देवशरण सिंह ने बताया कि कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 10 मे शनिवार को कोतमा मार्शल आर्ट खेल एवं कला एकेडमी के तत्वाधान में एकलव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम मे वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्रीमती बबिता सिंह कोतमा मार्शल आर्ट खेल एवम कला एकेडमी के अध्यक्ष हामिद अली बोहरा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन अशुतोष सराफ आशू क्षितिज निगम अभिषेक त्रिपाठी गुड्डन नगर पालिका अंत्योदय समिति के अध्यक्ष विजय पांडे हनुमान गर्ग संदीप शिवहरे देवशरण सिंह के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे बादल राय नीटू सरदार खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोतमा ब्लॉक के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मिथिलेश सिंह नेताम टूनामेंट में सफल वेलेंटियर के रूप में खेल प्रेमी गोल्डी भाई संजय सेन दिनेश उपाध्याय प्रशांत नामदेव समस्त खेल प्रेमी वार्ड के राहुल तिवारी अनिल चौधरी वंदन दुबे यश शिवम नामदेव उपस्थित थे। शनिवार को पहला मैच वार्ड नंबर 11 एवं 9 के बीच खेला गया। वार्ड क्रमांक 11 ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। वार्ड क्रमांक 9 की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्ड क्रमांक 11 की टीम मात्र 76 रन ही बना पाई और वार्ड क्रमांक 9 की टीम ने 8 रनों से मैच पर अपना कब्जा बना लिया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच चटहा टोला गांव एवं वार्ड क्रमांक 10 की बीच खेला गया। चटहाटोला गांव की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। निर्धारित 8 ओवरो के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड क्रमांक 10 की टीम ने 76 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चटहाटोला गांव की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 70 रन ही बना पाई इस तरह से वार्ड क्रमांक 10 की टीम ने छह रनों से रोमांचकारी जीत हासिल की।



## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया से सौजन्य भेंट की

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में निर्माणाधीन विमानतल के कार्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

### परिवहन विभाग ने शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में किया लाइसेंस एवं यातायात जागरूकता के शिविर का आयोजन

रीवा। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान परिवहन विभाग रीवा के द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के लिए आर टी ओ रीवा के द्वारा शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में छात्रों के लिए खुद से घर बैठे लाइसेंस बनाने के लिए प्रयोगशाला का आयोजन किया आरटीओ रीवा ने कालेज परिसर में स्मार्ट क्लास के माध्यम से हाल में मौजूद सभी छात्रों को घर बैठे ऑनलाइन लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया समझाइ और एक छात्र एवं एक छात्रा का मौके पर ही लाइसेंस बनाकर उनको कॉलेज प्रबंधन के हाथो से ही लाइसेंस प्रदान कराया। कॉलेज में प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी प्रोफेसर अखिलेश शुक्ला प्रोफेसर डाक्टर अमित तिवारी डॉ रविंद्र धुर्वे डॉ आर पी चतुर्वेदी जनभागीदार समिति के अध्यक्ष श्री राजेंद्र ताम्रकार सदस्य श्री विवेक शुक्ला आदि जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में आर टी ओ रीवा ने सभी लोगो से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस दी,साथ ही कहा की बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। परिवहन विभाग की टीम के द्वारा लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक को उनके मोबाइल पर साझा करते हुए घर बैठे लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कैसे करना है इस बात की जानकारिया भी साझा की।प्रदेश में लर्निंग लाइसेंस फेस लेस हो चुका है और अब अपना लाइसेंस सभी लोग घर बैठे ही बना सकते है।परिवहन विभाग की टीम ने सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की बात कही।

और उन्हें बताया कि समय से जीवन का मूल्य बहुत अधिक है अतः आप सब ओव्हरस्पीड न चले हेलमेट पहने और कम से कम दूसरे 10 लोगो को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करे। महाविद्यालय के छात्रों में यातायात सप्ताह के प्रति गजब का उत्साह देखा गया और सभी ने बताई हुई बातों का पालन करने की बात कही। कार्यक्रम में आरटीओ रीवा के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना से प्रवर्तन अमला मौजूद रहा।

### नादान बच्चों ने की गंदी हरकत, मामला पहुंचा पुलिस स्टेशन

रीवा। दुष्कर्म के अपराध में अभी तक 14 वर्ष से ऊपर के लोगों का नाम सामने आता था। हां यह बात जरुर है कि दंरिदे फूल सी बच्ची तक को अपनी हवस का शिकार बना लेते है। लेकिन चोरहटा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म से जुड़ा एक ऐसा अपराध आलोक में आया है जिसमें पुलिस तो क्या न्यायालय भी सुन कर हतप्रभ हो जायेगा। चार साल की बच्ची से दो बच्चों ने मिलकर गंदी हरकतें की। आश्चर्य की बात तो यह है कि गंदी हरकत को अंजाम देने वाले बच्चे भी 7-8 साल के हैं। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की है, बच्ची की मां पार्लर में काम करती है। रविवार के दिन अपनी बच्ची को वह मायके में छोड़ कर पार्लर चली गई। देर शाम लौटी तो बच्ची ने बताया कि उसके परिवार के दो बच्चों ने उसके साथ गंदी हरकत को अंजाम दिया है। बच्ची की मुंह से यह बात सुनते ही मां के होश उड़ गये और सुबह होने पर बच्ची को लेकर एसजीएमएच आ पहुंची। इस बात की खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, बच्ची का मेडिकल परीक्षण करवाने के साथ ही बच्चों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

# बंगवार खेल मैदान की सफाई, देर से सही दया तो आई

## जल्द होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

### जिला फुटबाल संघ द्वारा खेलों और खेल मैदानों के विकास पर जोर

बंगवार श्रमिक कॉलोनी में कालरी के द्वारा श्रम वीरों के बच्चों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था दो दशक पूर्व बनाई तो गई थी लेकिन एक दशक से अधिक समय से साफ सफाई के अभाव में खेल मैदान वीरान व जगह-जगह गाजर घास कचरे से पटा पड़ा था जिसका किसी तरह का उपयोग नहीं होता था।





धनपुरी।

बंगवार श्रमिक कॉलोनी के बच्चों के द्वारा खेल मैदान की सफाई कराने के लिए (जहां क्रिकेट का टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है) सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक वी श्रीकृष्ण से अनुरोध किया गया था जिस पर जीएम के निर्देश पर अमलाई,बंगवार दामिनी उपक्षेत्र प्रबंधक बी श्रीनिवास, खान प्रबंधक बी आर कुर्रे के द्वारा वर्षो से साफ सफाई के अभाव में पड़े बंगवार खेल मैदान को ग्रेडर मशीन से खेल मैदान को अच्छी तरह से साफ सफाई कर दी गई है जिससे अब एक बार फिर बंगवार कॉलोनी में विभिन्न प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन देखने को मिलेगा।

खेल प्रेमियों ने बंगवार खेल मैदान की साफ सफाई को लेकर बंगवार के उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक ,सोहागपुर के महाप्रबंधक को इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### अब खेल पाएंगे युवा

खेल मैदान न होने से खेल प्रतिभाएं दबकर रह गई हैं। कालरी बंगवार कॉलोनी क्षेत्र में ऐसा कोई खुला स्थान नहीं है जहां सुबह शाम युवा प्रेक्टिस कर सके। क्षेत्र के सैकड़ों युवा सुबह-शाम सड़कों पर दौड़ लगाते मिलते हैं। वहीं अगर फुटवाल , क्रिकेट खेलने का मन हो तो किसी स्कूल के मैदान की ओर रुख करते है। युवाओं का कहना है कि ब गंगवार कॉलोनी काल्डी के द्वारा खेल मैदान की व्यवस्था तो बनाई गई थी लेकिन एक दशक से अधिक होने को है खेल मैदान की साफ सफाई न होने से कॉलोनी में किसी तरह का छोटा-मोटा टूर्नामेंट भी नहीं होता था खेल मैदान की साफ सफाई होने से बच्चों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है और जनवरी-फरवरी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा।

#### दम तोड़ रही प्रतिभाएं

गौर तलब है कि खेल प्रतिभाएं, मैदान जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही है। कोयलांचल वासियों विशेषकर विभिन्न खेलों में रुचि रखने वाले बच्चों में उम्मीद की एक नई किरण जगी है। लोगों को यह लगने लगा है कि बहुआयामी विकास की परिकल्पना को साकार करने हेतु सतत प्रयत्नशील संभागायुक्त एवं जिला प्रशासन की नजरें कोयलांचल मुख्यालय पर भी जरूर पड़ेंगी और दुर्दशा, अतिक्रमण ग्रस्त खेल मैदानों को खेल प्रतिभाओं के संरक्षण, संवर्धन योग्य बनाया जा सकेगा।

#### जरूरी है खेल मैदान

विद्वान-बुजुर्ग कहते हैं कि खेलों से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलना जरूरी है लेकिन क्या गिल्ली डंडा, बंटी या लुका-छिपी खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होगा। खेलने और खेल का प्रशिक्षण लेने के लिए खेल मैदान का होना जरूरी है जिसकी कमी से बंगवार कोयलांचल नगरी में एक लंबे समय से जूझ रहे हैं। बंगवार कालरी कॉलोनी में एक दशक बाद खेल मैदान की साफ सफाई देखने को मिली है कॉलोनी आसपास के बच्चों खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

#### फुटबाल संघ का आग्रह

जिला फुटबाल संघ खिलाड़ियों गोविंद अग्रवाल, गोरेलाल, जयदीप पाल, मोहन कश्यप,गोरे लाल आदि का कहना है कि बच्चे बचपन में खेलेंगे नहीं तो खिलाड़ी कैसे बनेंगे। खेलों से बच्चों के शरीर का विकास होता है। इससे शरीर बीमारियों से दूर रहता है। महिलाएं तो सारा दिन घर में ही बंद रहती हैं। अगर हर कालरी कॉलोनी में खेल का मैदान बन जाए तो महिलाएं भी सुबह शाम वहां योग और सैर आदि कर खुद को निरोग बना सकें। इसके लिए खेल मैदान आवश्यक है।

## शराब पीने पैसे नहीं देने पर

# फावड़े से प्राण घातक हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

### पत्नी पर करता था चरित्र की शंका, पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफतार



बुढ़ार।

नगर के समीपस्थ ग्राम सेमरा एक दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी को शराब के पैसे नहीं देना जानलेवा साबित हो गया। गुस्से में पति ने पहले डंडे से पीट पीट कर पत्नी के शरीर को पूरी तरह क्षत विक्षत कर दिया और फिर भी उसका मन नहीं भरा तो पत्नी को फावड़े से सैकड़ों वार कर मौत के घाट उतार दिया। यह घटनाक्रम पति को नशे की लत होने के कारण यह सनसनीखेज घटना जिले के बुढार थाना क्षेत्र के सेमरा गांव की है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जनवरी को डायल सौ पर जानकारी आई कि गांव सेमरा में पति पत्नी के बीच विवाद हो रहा है, मौके पर जब पुलिस पहुंची तो पाया गया कि चंदा उर्फ राजकमारी बैंगा उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी है जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।पति के द्वारा पत्नी को चरित्र की शंका करता था जिसके लेकर दोनों की बीच अनमन चलता रहता था उसी बात को पति के द्वारा पत्नी को बुरी तरह से डंडा और फावड़ा से पूरे शरीर में प्रहार करते हुए घायल कर दिया। पुलिस ने पहले 307 कायम कर विवेचना कर रही थी उसी दौरान चंदा की मौत हो जिस पर आरोपी पति गयादीन बैगा उम्र 38 बर्ष हाल मुकाम देवहरा निवासी सेमरा जो अपने नाना के यहां रहता था उसके विरुद्ध 302 हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। हत्या के इस मामले के खुलासा में एस आई उपेन्द्र त्रिपाठी,भगत एएसआई गिरीश शुक्ला, बलभद्र सिंह, भागवत सिंह ध्रुवे की सराहनीय भूमिका रही।



## गणतंत्र दिवस समारोह भव्यता के साथ मनाये जाने

# नपा परिसर में विभागीय अधिकारियों की बैठक

बुढ़ार।

आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह को भव्यता के साथ मनायें जाने हेतु नगर परिषद प्रांगण में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी के मुख्यातिथि, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार 26 जनवरी को कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में नगर के लगभग 20 स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति में फैलेग मार्च सलामी, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्ग एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि नगर के गौरव की बात है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह बुढ़ार नगर में भव्यता के साथ मनायें जाने की योजना बनाई जा रही है जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं क्योंकि कोई भी कार्य बिना सहयोग के नहीं किया जा सकता है।

बैठक की अध्यक्षता कर रही नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हम अपने नगर में जिले जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम की आयोजन कर यहां के नागरिकों को नयी पंरपरा की शुरुआत करने की योजना बनाई है सभी वर्गों का सहयोग यदि मिलता है तों यह कार्यक्रम नगर को भव्यता प्रदान करेगा।

बैठक में तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया, थाना प्रभारी संजय जायसवाल, प्रोफेसर अनिल उपाध्याय प्राध्यापक डॉ श्याम नापित, सचिन कुमार,दौलत मनवानी, अनिल सिंह, दीपक शर्मा, पुष्पराज सिंह, पंकज शर्मा, पत्रकार आशीष नामदेव, रीतेश लखेर, अंजनी श्रीवास्तव, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण गुप्ता ने किया जबकि आभार प्रोफेसर अनिल उपाध्याय ने सभी के प्रति व्यक्त किया।

# हिंदू समाज को संगठित होने की जरूरत : अजय प्रताप सिंह

### धूमधाम से मनाया गया श्रोण महोत्सव

### मकर संक्रांति त्यौहार में घाटों की सफाई नहीं नहीं छोंडा गया पानी



ब्यौहारी।

जनपद पंचायत क्षेत्र ब्यौहारी के अंतर्गत नगर परिषद खाड बाणसागर देवलोंद मेंमकर संक्रांति के अवसर पर बाणसागर में श्रोण महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम बाणसागर बांध के किनारे मैदान में आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक शरद कोल ने किया महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ब्यौहारी का कार्यक्रम आसम का बीहू नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा हिंदू समाज जातियों में बटा हुआ है कोई ब्राह्मण है छत्रिय है , शूद्र है तो मैं पूछना चाहता हूं कि हिंदू कौन है यही जाति व्यवस्था के कारण हमारा भारत अभी तक पिछड़ा रहा लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाति भेद समाप्त करके हम सबको में हिंदू होने का एहसास कराया है उन्होंने कहा कि हमारे भारत देश में दो ही नद हैं ब्रह्मपुत्र और सोन बाकी सारी नदियां हैं उसमें भी ब्रह्मपुत्र का उद्गम स्थल चीन में है इसलिए भारत का एकमात्र नद सोन है जिसका उद्गम स्थल अमरकंटक के सोनमुड़ा से प्रारंभ होकर बिहार के सोनकच्छ में गंगा नदी में इसका संगम है सोन के किनारे मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश और बिहार के जितने भी क्षेत्र आते हैं सब में एक जैसी संस्कृति एवं परंपराएं हैं एक जैसी बोली भाषा एक जैसा प्यार है सोन महाराज ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार की धरती को समृद्धसाली होने का सौभाग्य दिया है। 22 जनवरी को रामलाल की प्रतिष्ठा अयोध्या में होनी है हम सब जो जा सकते हैं अयोध्या जाए जो नहीं जा सकते अपने घर में उत्सव मनाए पटाखे फोड़ घर को तोरण द्वार लगाएं मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि 1992 में जब बाबरी विधानसभा हुआ था तब मैं भी कर सेवा में गया था और करीब 5 वर्ष पहले मैं मौत के मुह बचा हूं क्योंकि भगवान ने स्वयं कहा कि तुमको अभी रामलला की प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना तेरा अभी समय पूरा नहीं हुआ है इसलिए मैं बच गया !- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शरद कोल ने कहा कि मैं पहली बार इस कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बहुत ही अच्छे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए प्रयास करूंगा कि अगली बार यह कार्यक्रम और भी भव्यता के साथ पूर्ण हो और इस ऐतिहासिक बनाया जाए कार्यक्रम का संचालन रामबरन पांडे तूफानी एवं रवि द्विवेदी द्वारा किया गयाशाम को सोन आरती के साथ श्रोण महोत्सव समापन हुआ ।कार्यक्रम में नजर आई अव्यवस्था।सभी विभागों द्वारा महोत्सव के लिए व्यवस्था का इंतजाम किया गया था लेकिन डीजे साउंड बार-बार बंद हो जाने से कई बार व्यवधान उत्पन्न हुआ।कार्यक्रम में सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था बाणसागर रेस्ट हाउस में की गई थी खिचड़ी की व्यवस्था नगर परिषद के अध्यक्ष सुशील सिंह के पुत्र विल्लू सिंह द्वारा की गई थी विधायक द्वारा सभी के लिए तिल के लड्डू का इंतजाम किया गयासभी प्रतिभागियों को मिलेंगे 1000- मंच के माध्यम से राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 1000 देने की घोषणा की वही विधायक द्वारा आयोजन समिति को 10000 देने की घोषणा की गई।सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए प्रस्तुत-श्रोण महोत्सव में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल विजई रही संस्कृत कार्यक्रमों में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर स्कूल व्यवहारी, कन्या हर्ष सेकेंडरी स्कूल व्यवहारी गांधी मेमोरियल स्कूल व्यवहारी आशा ज्योति स्कूल बाणसागर सरस्वती शिशु मंदिर बाणसागर द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सेंट्रल अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्वागत पत्रिका के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया करी केसरी संगीत द्वारा एक से एक बढ़कर भजन प्रस्तुत किए गए और श्री राम की झांकी प्रस्तुत की गई श्री राम की झांकी का माल्यार्पण कर सांसद एवं विधायकों द्वारा पूजन किया गयाबाणभट्ट चौराहा बनाने की मांग नगर के निवासी सुनील द्विवेदी और कुंअर देव मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह बाणभट्ट की तपोस्थली है फिर भी यहां बाणभट्ट की चौराहे पर मूर्ति नहीं लगी है प्रशासन को बाणसागर चौराहे पर बाणभट्ट की मूर्ति लगवाने की मांग की हैमकर संक्रांति के दिन भी नहीं छोड़ा गया पानी - श्रोण महोत्सव में हजारों लोग भाग लेते हैं और स्नान करते हैं यह जानते हुए प्रशासन ने ईस पर कोई विचार नही किया मकर संक्रांति के समय सोन नदी पर स्नान करते इसके बावजूद भी सिंचाई विभाग प्रशासन द्वारा पानी नहीं छोड़ा गया श्रौण आरती एवं मकर संक्रांति के समय श्रद्धालुओं को नगर परिषद के ब्यौहारी के पार्षद आशीष गुप्ता ने बाणसागर पुल के नीचे महोत्सव के समय लेजर लाइट प्रोजेक्टर के जरिए श्रोण महोत्सव का प्रदर्शन करना चाहिए जो की 7 दिनों तक रहे और पानी छोड़ा जाना चाहिए जिससे लोगों को नहाने में कोई दिक्कत ना हो मकर संक्रांति की दो दिन पहले पानी छोड़ देने से घाटों की साफ सफाई भी हो जाएगी और मकर संक्रांति के समय लोगों को स्नान करने में भी सहूलियत होगी।कार्यक्रम से अनुपस्थित रही जिला पंचायत अध्यक्ष-श्रोण महोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा एवं जनपद अध्यक्ष आकांछी प्रीतू सिंह अनुपस्थिति रही उनकी अनुपस्थिति लोगों में चर्चा का विषय बनी कार्यक्रम को विधायक शरद कोल द्वारा भी संबोधित किया गया

## खबर संक्षेप

### बिल्ली को बचाने की कोशिश में पलटा ऑटो

**अनूपपुर।** अनूपपुर में सड़क हादसे में दस से अधिक लोग घायल हो गए। अनूपपुर में ऑटो पलट गया। जानकारी के मुताबिक रविवार रात मकर संक्रांति मेला से सवारी लेकर जमुड़ी जा रहा तेज रफ्तार ऑटो बिल्ली को बचाने के दौरान ऑटो क्रमांक एमपी 18 जेडबी 1489 अनियंत्रित होकर जिला जेल बिल्डिंग के पास पलट गया जिसमे पुरुष-महिला व बच्चों को मिलाकर 14 लोग सवार थे जिसमे नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए 108 की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। चार घायलों को सामान्य चोट होने पर प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया है। पांच गंभीर रूप से घायलों का इलाज किया जा रहा है। ऑटो चालक 32 वर्षीय नरेंद्र रौतेल निवासी जमुड़ी दिव्यांग है। जिला चिकित्सालय में 15 वर्षीय उषा कोल, 13 वर्षीय ज्योति कोल, 60 वर्षीय दुपासया कोल, 17 वर्षीय गापली कोल एवं सरस्वती कोल का इलाज चल रहा है।

### ज्योति दुबे संभालेंगी यातायात प्रभारी की कमान

**अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ज्योति दुबे को अब अनूपपुर का नवागत जिला यातायात प्रभारी बनाया गया है। उनकी पूर्व में हुई पदस्थापना में आंशिक संशोधन कर यातायात निरीक्षक जिला सागर की जगह अब उन्हें यातायात निरीक्षक जिला अनूपपुर का प्रभार दिया गया है। जो शीघ्र ही अपनी पदस्थापना स्थल पर आकर पदभार ग्रहण करेंगी। बताया गया कि ज्योति दुबे पदोन्नति पर यातायात निरीक्षक अनूपपुर बन रही है। इसके पहले यातायात प्रभारी पन्ना और निवाड़ी रह चुकी है। जानकारी के अनुसार तेज-तर्रार अधिकारी के रूप में इनकी पहचान है। निश्चित ही इनके आने के बाद जिला मुख्यालय सहित जिले की यातायात व्यवस्था सुदृढ होगी।

### राज्यमंत्री को जन स्वास्थ्य रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** 15 जनवरी प्रांत अध्यक्ष के निर्देशन में जन स्वास्थ्य रक्षक संघ जिला इकाई अनूपपुर द्वारा एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में दिलीप जायसवाल लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार को मुख्यमंत्री के नाम पर अपनी पूर्व मांगों को लेकर मांगों की पूर्ति हेतु एक बार फिर ज्ञापन स्वरूप में एक फाइल सौंपा। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष बाल्मीक सोनी, जिला सचिव प्रवेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अनूपपुर रामखेलावन पटेल, ब्लॉकअध्यक्ष जैतहरी सीताराम राठौर, आदित्य तिवारी जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन के मीडिया प्रभारी सूरज पटेल जन स्वास्थ्य रक्षक के लोग उपस्थित रहे।

### 20 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा

**अनूपपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल नई दिल्ली द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 वीं की परीक्षा 20 जनवरी दिन शनिवार को अनूपपुर जिले की 12 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य एस.के. राय ने दी है। उन्होंने बताया है कि परीक्षा केन्द्र पर एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा की अनुमति होगी। परीक्षा का माध्यम प्रवेश पत्र के अनुसार ही होगा। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रात 11 बजे तक पहुंचना होगा।

### उप स्वास्थ्य केंद्र खोड़री नंबर 1 में कई वर्षो से लटक रहा ताला

**कोतमा।** जहां सरकार स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में लगातार प्रयासरत है ताकि नागरिको तक बेहतर इलाज की सुविधा पहुंचाई जा सके, लेकिन कहीं ना कहीं स्वास्थ्य सुविधा को विभाग के कर्मचारियों के द्वारा नजरअंदाज कर स्वास्थ्य सेवा की अवहेलना के साथ घोर लापरवाही कर रहे हैं। जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोडरी नंबर 1 का जहां संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र मे आए दिन ताला लटके रहने से ग्रामीणों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा।







# मेगा इवेंट हितलाभ वितरण व शिविर का आयोजन सम्पन्न

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडोटोरियम हाल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को किया संबोधित

जनजातीय समुदाय के भावना के अनुरूप विकास योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सतत रूप से कार्य कर रहे हैं। सरकार की सभी योजनाओं में पात्र लोगों को हितलाभ मिलना सुनिश्चित हो।

अनूपपुर।

इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा पीएम जन-मन के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडोटोरियम हाल में आयोजित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) अंतर्गत मेगा इवेंट लाईव टेलीकास्ट व हितलाभ वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को कम्पनी में रोजगार दिलाया जाए। रेशम, शहतूत के उत्पादन की जिले में व्यापक संभावनाएं हैं। जिसे दृष्टिगत रखते हुए इस दिशा में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु कार्य किया जाएगा। उन्होंने कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को आगे आकर इस दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने इस अवसर पर केन्द्र और राज्य शासन द्वारा विकास व कल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी।

### पीएम जन-मन के तहत वितरित किए गए हितलाभ

कार्यक्रम में पीएम जन-मन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राजस्व विभाग, खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए।

### राज्यमंत्री ने खेल मैदान का किया लोकार्पण

राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रांगण अनूपपुर में खेल मैदान लागत 3 लाख 50 हजार रुपये का लोकार्पण तथा इनडोर स्पोर्टस काम्प्लेक्स निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मनरेगा अंतर्गत निर्मित खेल परिसर में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की गई।

### प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित

विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि पीएम जन-मन अभियान विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाया जा रहा है। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व से विकास के कार्यों में बेहतर कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर लाईव इवेंट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) के कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया, जिसे सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने पीएम जन-मन के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, डाक विभाग, कृषि, उद्योग, महिला बाल विकास, खाद्य, आजीविका, पशुपालन, कौशल विकास विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर आधार बनाने एवं अपडेशन के कार्य का कैम्प भी आयोजित किया गया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, वनमण्डलाधिकारी एस.के. प्रजापति, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की संभागीय उपायुक्त श्रीमती ऊषा अजय सिंह, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, अनिल गुप्ता, मध्यप्रदेश जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी, प्रेमचंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक सहित बड़ी संख्या में विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के महिला एवं पुरुष, आमजन, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन्या पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

# मड़फा तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर जिम्मेदारों ने काटी चांदी

## सरोवर भ्रष्टाचार के साथ आर्थिक आय का बना उद्गम स्थल : बृजेन्द्र पंत





### सौंदर्यीकरण के नाम पर आई राशि का दुरुपयोग जलाशय की बन गई नियति

अनूपपुर।

भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अनूपपुर मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र पंत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 1 में शिव मारुति मंदिर और उससे लगा हुआ मड़फा जलाशय है। कहते हैं इस मंदिर और जलाशय का निर्माण पांडवों ने किया था, तब शायद पांडवों को यह आभास ना रहा होगा कि जिस जलाशय का वे जनकल्याण के लिए निर्माण कर रहे हैं। वह जलाशय कलयुग में कर्मचारी, अधिकारियों और राजनीतिक पार्टी के नेताओं के भ्रष्टाचार का माध्यम बन जाएगा। इस क्षेत्र की जनता की आस्था और आवश्यकता का यह सरोवर भ्रष्ट तरीके से आर्थिक आय का स्त्रोत बनता चला जा रहा है। नगर की हर परिषद ने अथवा इस वार्ड के हर पार्षद ने चुनाव से पहले इस जलाशय के सौंदर्यीकरण कराए जाने का वादा अपने घोषणा पत्र में किया। आम जनता की भावना के साथ खिलवाड़ और इस जलाशय के सौंदर्यीकरण के नाम पर आई राशि का दुरुपयोग इस जलाशय की नियति बन गई है। अधूरा पड़ा सौंदर्यीकरण का कार्य, किए गए कार्य की निम्न कोटि को दर्शाने के साथ होने वाले कार्य की गुणवत्ता पर भी प्रश्न चिन्ह पैदा कर रहा है। इस जलाशय में वर्तमान समय में सुलभ शौचालय निर्माण हेतु लेआउट प्रथम पूज्य गणेश जी व मां भगवती की गणेश चतुर्थी व नवदुर्गा में की जाने वाली स्थापना की जगह के सामने डाले जाने पर जनता की भावना का आहत होना स्वाभाविक है सो जनमानस ने इस लेआउट का विरोध किया जिस पर यह लेआउट शिव मारुति मंदिर के पीछे बने पूज्य पंडित दीनदयाल श्रमिक सेड की बगल में डाला गया। इस जगह पर लाखों रुपए खर्च कर पहले ही बाउंड्री का निर्माण है पथ का निर्माण है और मूल्यवान वृक्ष लगे हुए हैं फिर इस जगह को बदलकर जलाशय के उत्तरी मेढ़ में नर्मदेश्वर शिवालय के पीछ व नगर की जनता द्वारा सदियों से जिस पीपल के वृक्ष के नीचे अपने पूर्वजों का क्रिया कर्म किया जाता है उसके मध्य में लेआउट डाल दिया गया है। प्रश्न यह उठता है कि यह सुलभ शौचालय जलाशय में आने वाले आम नागरिकों की सुविधा के लिए बनाया जाना है तो क्या जब सौंदरीकरण का नक्शा बना तब यह सुलभ कंपलेक्स उस नक्शे में शामिल नहीं था और यदि यह नक्शे में शामिल है तो फिर उसी जगह पर क्यों नहीं बनाया जा रहा है। इस जलाशय के पश्चिमी मेढ़ से लगी हुई नगर जल निकास की बड़ी नाली है पश्चिम और दक्षिण के कोने की जगह पर्याप्त जगह है यहां पर इस शौचालय का निर्माण निरापद रूप से किया जा सकता है। जलाशय के पश्चिमी मेढ़ का कार्य रुका हुआ है कहते हैं कि वार्ड नंबर 6 के पार्षद गणेश रौतेल द्वारा इस भूमि पर अपना कुछ विवाद बताया जा रहा है प्रशासन इस समस्या का निराकरण क्यों नहीं कर रहा है। यह नगर हमारा है इसके विकास के लिए पराश्रित रहना उचित नहीं है हमारी जवाबदारी है कि विकास के कार्यों का पैसा शत प्रतिशत विकास के कार्य में खर्च हो और इस विकास की राशि का कोई दुरुपयोग न किया जा सके। इस जलाशय के सौंदर्यीकरण के नाम पर राशि का दुरुपयोग ना हो किसी भी निर्माण से जनमानस की भावना आहत न हो और इस जलाशय का नगर हित में सौंदर्यीकरण करण पूर्ण हो।। वैसे इतिहास साक्षी है कि इस पवित्र जलाशय की विस्तार एवं सौंदर्य करण के नाम पर जिनने भी अपने पद और अधिकार का दुरुपयोग किया है वह दोबारा उस पद और अधिकार के लायक रह नहीं गए। बाकी निर्णय शिव मारुति करेंगे ऐसा विश्वास है।।

# मकर संक्रांति मे पवित्र नगरी अमरकंटक में उमड़ी भारी भीड़

**अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में अंग्रेजी कैलेण्डर अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाती थी लेकिन पंचांग तिथि अनुसार इस बार 15 जनवरी को मनाई गई। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है। जब भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते है तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। मकर संक्रांति तब मनाई जाती है जब सूर्य भगवान उत्तरायण में प्रवेश करते है। इस दौरान प्रकाश में वृद्धि होती है। नर्मदा मंदिर पुजारी पंडित धनेश द्विवेदी ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को थी।

**अमरकंटक में उमड़ी भारी भीड़-** अमरकंटक में प्रातःकाल से ही लोगो का आना प्रारंभ हो गया था। मुख्य रूप से गोंडवाना मेला भी कई वर्षो से लगता आ रहा है जिस वजह से 14 जनवरी को भारी भीड़ होती आ रही है। मकर संक्रांति 14 जनवरी को लोग मनाते आ रहे थे लेकिन पंचांग, तिथि में परिवर्तन होने के कारण इस बार 15 जनवरी को मनाया गया।

**भारी भीड़ के कारण कपिलधारा में लगा जाम-** 14 व 15 जनवरी को अमरकंटक में गाड़ियों की भीड़ होने के कारण कपिलधारा में पार्किंग



स्थल फुल होने के बाद, रोड़ किनारे व अन्यत्र जो जिसको जहां जगह मिला वहीं वाहन खड़े करके लोग स्थल भ्रमण करते रहे, जिस वजह से कपिलधारा क्षेत्र में जाम की स्थिति पैदा हो गई थी जिसे प्रशासन ने वाहन को बांधा तिराहा से कपिलधारा जाने वाले वाहन को कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

**उद्गम स्थल, मंदिर, दार्शनिक स्थलों पर खूब रही भीड़-** सुबह से लोग नर्मदा स्नान करने के बाद नर्मदा मंदिर, माई की बगिया, सोनमुडा, जैन मंदिर, कल्याण आश्रम, यंत्र मंदिर, कपिलधारा, ज्वालेश्वर धाम आदि जगहों पर सुबह से ही लोगो की भारी भीड़ रही। सुबह से शाम तक सभी जगहों पर व क्षेत्र के अन्य जगहों पर भी लोग जाते नजर आए।

# राम मंदिर उद्घाटन को भव्य बनाने की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**अमरकंटक।** 22 जनवरी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन अयोध्या धाम में होने जा रहा है। जिसको लेकर मध्य प्रदेश शासन प्रशासन अमरकंटक के पुजारी, साधु संतों और नगर के नागरिकों के द्वारा पुष्पराजगढ़ एसडीम दीपक पांडेय की अध्यक्षता व तहसीलदार श्री पांडे ने अमरकंटक विकास प्राधिकरण के ऑफिस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें नगर के नागरिक पुजारी, साधु संतों में श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक से स्वामी धर्मानंद जी महाराज स्वामी चेतन कश्यप जी महाराज, श्री मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक से योगेश दुबे पुजारी परिवार में से पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी, पंडित सुनील प्रसाद द्विवेदी, पंडित रुपेश प्रसाद द्विवेदी, पत्रकार श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर



पांडेय सहित नगर के नागरिक उपस्थित होकर रामलला के भव्य मंदिर स्थापना के शुभ अवसर पर अमरकंटक में 15 तारीख से आयोजन प्रारंभ हो गए हैं जिसमें मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग के द्वारा रामलीला का आयोजन 15 से 17 तक एवं 18 तारीख से पवित्र नगरी अमरकंटक के नागरिकों एवं शासन के विशेष सहयोग से अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान का विशेष आयोजन किया जाएगा एवं 19 तारीख को संतों के आर्शीवचन, 20 को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक आयोजन, 21 को भव्य शोभा यात्रा कलश यात्रा एवं दीप उत्सव आतिशबाजी सुंदरकांड, 22 को श्री रामलला के मंदिर उद्घाटन के अवसर पर विशेष कन्या पूजन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम को कैसे अच्छे से अच्छा किया जाए जिसमें एक दो बैठक और नगर परिषद अमरकंटक में एसडीएम पांडेय के द्वारा की जाएगी।

# अमरकंटक के शंभूधारा में नवोदय के छात्रों ने किया अनुभूति का अनुभव

**अमरकंटक।** 14 जनवरी को मध्यप्रदेश इको पर्यटन बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक वन परिक्षेत्र में शंभूधारा सरोवर के प्राकृतिक स्थल पर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के 125 छात्र-छात्राओं ने मैं भी बाघ की थीम पर आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में सम्मिलित होकर साल सहित अन्य तरह के वनो, वन्य प्राणियों, प्रकृति के संबंध में अनुभव करते हुए प्रकृति को पहली बार नजदीक से देखा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के प्रेरको द्वारा प्रकृति दर्शन हेतु शंभूधारा से लक्ष्मणधारा तक वन भृमण कराते हुए वन, वन्यप्राणियों,वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों,औषधि पेड़-पौधों, वन्यजीवो की जानकारी दी इस दौरान छात्र-छात्राओं ने दिन भर सम्मिलित रह कर कार्यक्रम में प्राप्त किए अनुभवों को लिखित एवं मौखिक रूप से अतिथियों के समक्ष साझा करते हुए कहा कि हमे पहले कभी ऐसे मनोरम



दृश्य एवं वनांचल क्षेत्र में भ्रमण करने का अवसर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस कार्यक्रम में आने पर विभिन्न तरह की जानकारियां प्राप्त हो सकी है जिससे हमें महसूस होता है कि प्रकृति की संरचना का संतुलन बनाए रखने के लिए वनों का होना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर शहडोल वृत के मुख्य वन संरक्षक लखन लाल उइके, अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के सीईओ तमन्वय वशिष्ठ शर्मा, अनूपपुर डीएफओ एसके प्रजापति, पुष्पराजगढ़ एसडीम राजेश पांडेय, सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह, एसडीओ पुलिस सोनाली गुप्ता, एसडीओ वन प्रदीप कुमार खत्री, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, स्वामी मौत्री आनंद, प्रेरक मनीष कुमार धुर्वे, संजय पयासी, शशिधर अग्रवाल, विकास चंदेल, हरिश्चंद्र धुर्वे, देवेंद्र पांडेय, रिचर्ड रेगी राव के साथ विद्यालय परिवार के शिक्षक गणो के साथ वन परिक्षेत्र अमरकंटक के वन अधिकारी/ कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक सम्मिलित रहे। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शंभूधारा सरोवर स्थल पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का पौधारोपण किया। कार्यक्रम दौरान प्रशिक्षु आईएफएस एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरकंटक वीरेंद्र कुमार पटेल ने अनुभूति कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रकृति की संरचना को उज्जवल भविष्य हेतु अपेक्षा सभी से करते हुये आभार व्यक्त किया, छात्रों को शंभूधारा सरोवर के समीप बनाए गए ध्यान केन्दो का अवलोकन कराया गया तथा बाराती नाला की चट्टानों के बीच बैठा कर ध्यान करते हुए बहते पानी, जीव जंतुओं, गिरते पत्तों की आवाज का आभास कराया गया तथा साल बहुल अमरकंटक क्षेत्र जो सतपुड़ा-विंध्याचल मैकल के पहाड़ों से जुड़े अमरकंटक क्षेत्र के महत्व से अवगत कराया गया एवं प्रकृति के संतुलन बनाए रखने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई, छात्र-छात्राओं को साल के वृक्षो के बीच चिपक कर अमृतादेवी बिश्नोई एवं बहुगुणा द्वारा सैकड़ो वर्ष पूर्व वनों में वृक्षों की कटाई के लिए चलाए गए आंदोलन की तरह वृक्षो की रक्षा हेतु वृक्षों से लिपटकर उन्हें न काटने देने की शपथ ली।